
# नेशनल हेराल्ड : कांग्रेस भाजपा में वार पलटवार




**नई दिल्ली, 17 दिसम्बर. कर्नाटक के बेलगावी, पटना, चंडीगढ़, पंचकूला समेत कई शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले और मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बेलगावी में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने भाजपा की नीतियों पर हमला बोलते हुए केंद्र सरकार पर राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने और सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।**

पटना में सदाकत आश्रम से मार्च निकालकर बीजेपी कार्यालय तक प्रदर्शन किया गया, जबकि हरियाणा में पंचकूला के भाजपा कार्यालय के बाहर धरना हुआ। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया, लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए खतरा है।

### केंद्र सरकार कांग्रेस नेताओं को बना रही है निशाना



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। वहीं भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं।

### नेशनल हेराल्ड मामले में किसी को राहत नहीं मिली



भारतीय जनता पार्टी ने साफ शब्दों में कहा है कि इस हाई-प्रोफाइल केस में कांग्रेस नेतृत्व को किसी तरह की राहत नहीं मिली है और ट्रायल पूरी तरह जारी है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने का दावा है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी आज भी इस मामले में आरोपी हैं और जमानत पर बाहर हैं। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस जानबूझकर इस तथ्य को जनता से छिपा रही है .

# डबल इंजन नेतृत्व से पर्यटन में नया राजस्थान



**जयपुर, 17 दिसंबर. भारत के पर्यटन-आधारित आर्थिक विस्तार के दौर में राजस्थान अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदाओं के दम पर तेज़ी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में सुशासन, सरल प्रक्रियाएँ और समयबद्ध क्रियान्वयन ने पर्यटन को राज्य की आर्थिक धुरी बना दिया है। नतीजतन, राजस्थान आज घरेलू और विदेशी—दोनों पर्यटन श्रेणियों में देश के टॉप-5 राज्यों में मजबूती से स्थापित है और पर्यटन का योगदान राज्य की जीडीपी में लगभग 12 प्रतिशत तक पहुँच चुका है, जो राष्ट्रीय औसत से ढाई गुना अधिक है। वर्ष-2025 में माह अक्टूबर तक राज्य में 19.61 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं तथा 14.94 लाख विदेशी पर्यटक यात्राएं दर्ज की गईं।

**रिकॉर्ड आँकड़ों ने मजबूत की दावेदारी**

वर्ष 2024 में राजस्थान ने पर्यटन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान बनाए। राज्य में 23.01 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएँ दर्ज की गईं, जबकि विदेशी पर्यटक आगमन 20.72 लाख रहा।

वर्ष 2024 की समान अवधि की तुलना में कुल पर्यटक यात्राओं में 9.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक दलीप सिंह राठौड़ के अनुसार, राजस्थान सदियों से विरासत, लोकङ्कसंस्कृति और प्राकृतिक वैभव की धरती रहा है, लेकिन पिछले एक वर्ष में पर्यटन क्षेत्र में आई तेज़ी ने इसे केवल पर्यटन मानचित्र पर ही नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

# आदिवासियों से अन्याय, भाजपा सरकार कटघरे में : केजरीवाल



**बनासकांठा/नई दिल्ली, 17 दिसंबर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के बनासकांठा जिले के पालड़िया गांव में आदिवासियों पर हुई हिंसा को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।**

केजरीवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि पिछले 30 वर्षों में भाजपा ने गुजरात के आदिवासी समाज के साथ लगातार अन्याय, शोषण और दमन किया है। उन्होंने इस घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की और कहा कि आदिवासी समाज को अब इंसाफ चाहिए।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बनासकांठा जिले के अंबाजी क्षेत्र के पालड़िया गांव में आदिवासियों पर हुई हिंसा को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। केजरीवाल ने एक कार्यकर्ता के बयान को साझा करते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों से गुजरात में भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकार छीने हैं.

### आज का इतिहास

- 21940- महात्मा गांधी ने 1940 में सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।
- 1933- क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने डेब्यू टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक बनाया।
- 1927- ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले मैच में शतक बनाया।
- 1907- उग्येन वांग्चुक भूटान के पहले राजा बने।
- 1902- इटली के प्रसिद्ध आविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
- 1803- ईस्ट इंडिया कंपनी ने ओडिशा पर कब्जा किया।
- 1777- फ्रांस ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- 1715- सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने गुरुदासपुर में

# बिहार में मंथन-2025 कार्यशाला शुरू

## गयाजी में अफसरों को योजनाओं के तेज क्रियान्वयन का संदेश

**पटना, 17 दिसम्बर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को गयाजी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित मंथन** 2025 **दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बिहार के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों से कहा, सरकार की योजनाओं को तेजी से और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। पूरी संवेदनशीलता, लगन एवं ईमानदारी के साथ जन कल्याण के लिए काम करें। आप सभी से लोगों को काफी उम्मीदें रहती हैं। बिहार को देश के सर्वाधिक पांच विकसित राज्यों में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं पर तेजी से काम कर उसे पूर्ण करें। आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं । कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री कुमार को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में अवस्थित संवाद वाटिका, योगा परिसर, बिपार्ड लॉन, नक्षत्र वन, पुनर्योजित ब्रह्म योनि सरोवर, हॉर्स राइडिंग ट्रैक, पुस्तकालय , मोटरवाहन प्रशिक्षण केंद्र, अंतरिक्ष गैलरी, बिपार्ड दीर्घा एवं उत्कृष्टता केन्द्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया ।



मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद इन सभी केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बिपार्ड परिसर का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने इसके बाद महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री श्री कुमार को बोधगया मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

# स्कूल-विश्वविद्यालय समन्वय की दिशा में सशक्त पहल


**वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय का मंथन**

**लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 17 दिसंबर. वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने मंथन** 2025 **स्कूल विश्वविद्यालय गैप ब्रिजिंग प्रोग्रामका सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को सशक्त बनाना रहा।**

यह कार्यक्रम शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को क्लार्क्स अवध, 8, महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226001 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र भर से लगभग 70 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सहभागिता की। स्कूल शिक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करते हुए, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा सभी सहभागी प्रधानाचार्यों का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। यह सम्मान भावी पीढ़ी को भविष्य के लिए तैयार करने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री सृजन पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो एक प्रख्यात लेखक, प्रेरक वक्ता, सामाजिक उद्यमी तथा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सेंटर के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

# जर्मनी में राहुल का वैश्विक संपर्कों पर फोकस

**बर्लिन पहुंचे राहुल, प्रवासी भारतीय एजेंडा प्रमुख**



**नयी दिल्ली, 17 दिसंबर. कांग्रेस नेता राहुल गांधी जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को बर्लिन हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनकी यात्रा भारतीय प्रवासी कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।**

भारतीय प्रवासी कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के साथ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लोकतांत्रिक एवं आर्थिक परिदृश्य को उजागर करने के उद्देश्य से कई राजनयिक और सामुदायिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राहुल गांधी की यात्रा का मुख्य आकर्षण बुधवार को बर्लिन में भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ होने वाली एक महत्वपूर्ण वार्ता है जिसमें पूरे यूरोप के आईओसी अध्यक्षों के शामिल होने की उम्मीद है। आईओसी यूके के महासचिव विक्रम दुहान ने इस यात्रा के महत्व पर को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भारत की वैश्विक भूमिका पर संवाद के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करेगा और जर्मन सांसदों के साथ विचारों एवं अवसरों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रवासी भारतीयों से संपर्क स्थापित करने के अलावा श्री गांधी जर्मनी के वरिष्ठ मंत्रियों और सांसदों से बातचीत करेंगे।

# पुनर्निर्माण में ट्रैफिक के कारण समय सीमा तय करना कठिन

**नयी दिल्ली, 17 दिसंबर. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जब रेल लाइन पर यातायात चल रहा है तो इस स्थिति ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण के निर्माण के कार्य की समय सीमा तय करना कठिन होता है इसलिए किसी स्टेशन के पुनर्निर्माण का समय इस वजह से निश्चित नहीं किया गया है।**



अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि ओडिशा में 59 रेलवे स्टेशन पर काम कर चल रहा है और वंदे भारत रेलों के शुरू करने के कारण इन रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। उनका कहना था कि मयूरभंज में तीन स्टेशन बन रहे हैं और उसमें करीब 20 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया जा चुका है। रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण कार्य के लिए सीमा सम्बन्धी सवाल पर उन्होंने कहा कि जब ट्रैफिक चल रहा हो तो उसमें काम करने में दिक्कत आती है इसलिए समय सीमा तय करना कठिन होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में कई राज्यों में रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण का काम चल रहा है।

# योजना से बदली हजारों जिंदगियां : धामी

**3848**
**युवाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से राहत**

**33.22**
**करोड़ सीधे खातों में युवाओं को मिला संबल,**




**देहरादून 17 दिसम्बर.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत, कुल 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का ऑनलाइन वितरण किया। श्री धामी ने दोहराया, राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान लौटे प्रवासी, युवा उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्पी एवं शिक्षित बेरोजगार इस योजना के प्रमुख लाभार्थी हैं।

योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये तक और सेवा एवं व्यापार इकाइयों के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत अनुमन्य है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी उपादान (सब्सिडी) के रूप में प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लगभग 32 हजार लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था.

# टंडन ने 'अटल संस्मरण' में किए खुलासे

## वाजपेयी को राष्ट्रपति बनाकर खुद पीएम बनना चाहते थे आडवाणी




**नयी दिल्ली, 17 दिसंबर. अटल संस्मरण एक ऐसा राजनीतिक वृत्तांत है इस पुस्तक में अशोक टंडन न सिर्फ बतौर पत्रकार, बल्कि प्रधानमंत्री कार्यालय में मीडिया सलाहकार के अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री के बहुत करीबी बन गये थे। यह आख्यान श्री वाजपेयी के साथ लेखक के नजदीकी अनुभवों को आधार बनाकर उनका सजीव चित्रण प्रस्तुत करता है, जो पारंपरिक राजनीतिक जीवनियों से परे है।**

जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभाव सर्वोपरि है, जिसका दखल अक्सर वाजपेयी जी की निजी संवेदनशीलता से मिलता भी था और कभी-कभी टकराता भी था।

इन संस्मरणों में श्री वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल की कई निर्णायक घटनाओं को याद किया गया है जिनमें पोखरण परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध, पाकिस्तान के साथ आगरा शिखर वार्ता और इंडियन एयरलाइंस विमान अपहरण जैसी महत्वपूर्ण घटनाएं शामिल हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारत का राष्ट्रपति बनाने और लालकृष्ण आडवाणी को प्रधानमंत्री बनाने की योजना भाजपा ने कभी बनाई थी। यह दावा वाजपेयी के मीडिया सलाहकार रहे अशोक टंडन ने अपनी किताब 'अटल संस्मरण' में किया है। किताब के अनुसार वाजपेयी ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया, क्योंकि उनका मानना था कि किसी लोकप्रिय प्रधानमंत्री का बहुमत के आधार पर राष्ट्रपति बनना भारतीय संसदीय लोकतंत्र के लिए सही संकेत नहीं होगा।

# मणिपुर घोटाला 57 करोड़ पर ईडी का शिकंजा

- **अलगाववादी फंडिंग केस में सलाइ ग्रुप पर छापे**
- **मणिपुर में राष्ट्रविरोधी फंडिंग की जांच तेज**

नयी दिल्ली 17 दिसंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इम्फाल सब-जोन द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सलाइ ग्रुप ऑफ कंपनीज़ से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज मामले में इम्फाल के पाँच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। ईडी के अनुसार यह मामला वर्ष 2019 में लंदन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ा है, जहाँ याम्बेम बीरेन - जिन्होंने स्वयं को मणिपुर स्टेट काउंसिल का मुख्यमंत्री बताया और नारेंगबाम समरजीत जिन्होंने खुद को मणिपुर स्टेट काउंसिल का विदेश एवं रक्षा मंत्री बताया था। उन्होंने भारत से मणिपुर की स्वतंत्रता का दावा किया था।

इन राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के माध्यम से आरोपियों पर राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने, राजद्रोह तथा विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य, शत्रुता और घृणा फैलाने जैसे अपराधों में संलिप्त होने का आरोप है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पहले ही आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर चुकी हैं।

**राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ**
(नेशनल एकेडमी ऑफ आयुर्वेद)
(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
धन्वन्तरी भवन, मार्ग संख्या-66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली-110026
दूरभाष संख्याः 011-41681265; ई-मेलः gsp-ravdl@gov.in

**प्रवेश सूचना 2026-27**

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली एक वर्षीय **"राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम"** में प्रवेश हेतु **दिनांक 25 जनवरी, 2026 (रविवार) को नई दिल्ली, जयपुर, वाराणसी, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु तथा त्रिशूर में**, उन योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सको के लिए **लिखित परीक्षा** आयोजित कर रहा है, जिन्होंने बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेदाचार्य)/एम.डी./एम.एस. (आयुर्वेद) की उपाधि किसी भी ऐसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अर्जित की हो, जो आईएमसीसी अधिनियम, 1970/एनसीआईएसएम अधिनियम, 2020 के तहत मान्यता प्राप्त हो। इच्छुक आवेदक पात्रता, विषय, आवेदन-प्रपत्र के निर्धारित प्रारूप, पाठ्यक्रम-विवरणिका और अन्य जानकारी हेतु इस विद्यापीठ की वेबसाइट **www.ravdelhi.nic.in** को देखें और विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र को **15 जनवरी, 2026 तक या इससे पूर्व केवल डाक/हस्तगत के माध्यम से उपर्युक्त पते पर** भेजें।

**निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ**

cbc17212/12/0005/2526

# ट्रंप ने वेनेजुएला आने जाने वाले तेल टैंकरों की पूर्ण नाकेबंदी का आदेश दिया

**वाशिंगटन.** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की पूर्ण नाकेबंदी का आदेश दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह आदेश वेनेजुएला और निकोलस मादुरो सरकार पर और दबाव बढ़ाने की कोशिशों का परिणाम है। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बड़े से घिरा हुआ है। यह नाकेबंदी मुख्य रूप से वेनेजुएला के प्राथमिक राजस्व स्रोत को निशाना बना रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में पूर्ण और संपूर्ण नाकेबंदी% शब्दों पर जोर देते हुए संकेत दिया कि सैन्य तैनाती को और भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वेनेजुएला अपनी जमीन, तेल और अमेरिका को सौंप दे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिका के सैन्य अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के व्यापार को रोकने से कहीं अधिक है।

# आईआईटी मंडी ने भूकंप पूर्वानुमान परियोजना लांच की

**शिमला/मंडी, 17 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा वित्तपोषित भूकंप पूर्वानुमान परियोजना लांच की है। इसरो द्वारा वित्तपोषित इस तीन वर्षीय परियोजना का मकसद छह और उससे ज़्यादा तीव्रता वाले भूकंपों के लिए समय-स्वतंत्र पूर्वानुमान मॉडल विकसित करना है। शुरुआत में मंडी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बाद में इस परियोजना को पूरे हिमालय में उन क्षेत्रों की पहचान करने के लिए लागू किया जाएगा जहां भूकंपीय घटनाओं की आशंका ज़्यादा है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला - बालाघाट (म.प्र.) पिनकोड - 481001**
Email Address - cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रमांक/एक /50- 2/जलप्रदाय शाखा/2025/11422 बालाघाट दिनांक :- 10/12/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं. | Tender ID | CONTENT DESCRIPTION | LAGAT MULYA | AMANAT RASHI/ NIVIDA FORM MULYA | NIVIDA KI ANTIM TITHI |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_467235_1 | स्टॉप डेम बंधान कार्य | 10.00 lakh | 20,000-00 / 2,000-00 | 24/12/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाश नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बालाघाट
जिला बालाघाट (म.प्र.)**

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात - 362266
कॉर्पोरेट कार्यालयः 12वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलॉन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400 063, महाराष्ट्र।

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए 15 दिन की नीलामी बिक्री सूचना।**
आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच दिनांक 11.03.2024 की समामेलन योजना के तहत हुए विलय के कारण, जिसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण - अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पारित आदेश में विधिवत दर्ज किया गया है, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उल्लिखित गिरवी रखी गई संपत्ति के संबंध में शुरू की गई सभी SARFAESI कार्रवाइयां, समामेलित कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित हो जाती हैं। तदनुसार, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार ने धारा के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI) की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं से सुरक्षित ऋणों की वसूली के लिए, नीचे उल्लिखित बकाया राशि, अतिरिक्त शुल्क और लागत सहित, के लिए। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकताओं और सह-उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को देय ऋणों की वसूली के लिए निम्नलिखित संपत्ति की ई-नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जाएगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 06.01.2026, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच।
केवाईसी और बयाना राशि जमा करने की अंतिम तिथिः 05.01.2026**

| स. क्र. | उधारकताओं का नाम और सह-उधारकताओं का नाम | संपत्तियों / सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य (रुपये में) | बयाना राशि जमा (ईएमडी) (रु. में) / वृद्धिशील मूल्य (रु. में) | आरक्षित मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. मेसर्स बाबा बेकरी इसके स्वामी के माध्यम से श्री शरद कुमार जैन 2. श्री शरद कुमार जैन, (पुत्र सुभाष चंद जैन) 3. श्रीमती रश्मी जैन श्री शरद जैन की पत्नी, LAN : ABJABSTS000000790346 और ABJABSTS000000709588 | संपत्ति का पताः- संपत्ति मौजा शाहपुरा बस्ती संख्या 240, पोस्ट हाउस संख्या 52, वार्ड संख्या 13, आर.आई.एम. शाहपुरा, नगर परिषद शाहपुरा तहसील शाहपुरा जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। आबादी का क्षेत्रफल 8*9=720 वर्ग फुट है। ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सराउंड फ्लोर का निर्मित क्षेत्रफल 1296 वर्ग फुट (आर.सी.सी.) है। कुल प्लॉट क्षेत्रफल 720 वर्ग फुट है। निर्मित क्षेत्रफल 1296 वर्ग फुट है। (आर.सी.सी.) विक्रय विलेख और कानूनी सीमाओं के अनुसारः- पूर्वः दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पश्चिमः संतोष जैन और मुन्नालाल का घर, उत्तरः जबलपुर नरसिंहपुर रोड, दक्षिणः दिगंबर जैन पंचायती मंदिर की भूमि। तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार सीमाएँः- पूर्वः दिगंबर जैन पंचायती मंदिर की संपत्ति, पश्चिमः संतोष जैन का घर, उत्तरः जबलपुर नरसिंहपुर रोड, दक्षिणः दिगंबर जैन पंचायती मंदिर का भूखंड। | रु. 37,44,000/- (सैंतीस लाख चौवालीस हजार मात्र) | रू. 3,74,400/- (तीन लाख चौहत्तर हजार चार सौ मात्र) रू. 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र) | 11.04.2025 और रु. 40,11,385/- (चालीस लाख ग्यारह हजार तीन सौ पिच्यासी मात्र) 09.04.2025 तक |

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड / सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर दिए गए लिंक देखें, जैसेः https://abfl.adityabirlacapital. com/Pages/Individual/Properties-for-Auction-under-SARFAESI-Act.aspx या https://BidDeal.in संपर्क नंबरः आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी अपूर्वा दंथी (9930909725), राजेश विर्कर (7397930202), अजय जोशी (8779321787), कोमल पाटिल (9867895795), जहिरुल लस्कर (9706003075)

**स्थानः जबलपुर, मध्य प्रदेश
दिनांकः 18.12.2025**

एसडी/-
**प्राधिकृत अधिकारी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**